## रथ यात्रा को लेकर रथ को दुरूस्त करने का काम अंतिम चरण में



फोटो : समीर

# जगन्नाथपुर में लगने वाले रथ मेले को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# मांस-मछली व शराब की बिक्री पर प्रतिबंध, वॉच टावर से होगी सुरक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथपुर रथ मेला के आयोजन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक की। जगन्नाथपुर रथ मेला में सुरक्षा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उपायुक्त ने दिशा-निर्देश दिये। बैठक में मंदिर समिति के सदस्यों सहित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में डीसी ने सभी समितियों के सदस्यों से मेले के आयोजन के संबंध में जानकारी ली और समिति के सदस्यों ने अपनी आवश्यकताओं के बारे में डीसी को अवगत कराया। मेले के सफल



आयोजन के लिए उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों से विधि-व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। बैठक में उपस्थित सभी विभागीय पदाधिकारियों को उनके कार्यक्षेत्र अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में एसएसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, ट्रैफिक एसपी, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था, अपर नगर आयुक्त, सिविल सर्जन समेत दर्जनों पदाधिकारी, इंजीनियर, नगड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

- मेले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पांच मुखी मुहाने पर वॉच टावर लगाने एवं माइक लाइट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।
- मेले में पेयजल की व्यवस्था के लिए डीप बोरिंग करने एवं बिजली, जनरेटर की व्यवस्था करने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।
- श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रथ यात्रा के मार्ग पर मिट्टी/मोरम या स्टोन डस्ट डालने के लिए कहा गया।
- मेला परिसर में साफ-सफाई एवं शौचालय की व्यवस्था को लेकर बायो टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।
- मेला परिसर के आसपास मांस मच्छली एवं शराब के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया।
- प्रशासनिक शिविर एवं मीडिया शिविर बनाने का निर्देश दिया गया।
- जगन्नाथपुर मंदिर एवं मौसीबाड़ी तक सुरक्षा बलों की तैनाती एवं स्थानीय थाना प्रभारियों को आयोजन स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया गया।
- विभिन्न समितियों के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों को पहचान पत्र निर्गत करने की जिम्मेदारी धुर्वा थाना प्रभारी को दी गयी है।
- मेले के आयोजन के दौरान मेला परिसर के पास भारी वाहनों के आवागमन वर्जित रखने एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने के लिए रूट डायवर्ट रखने का निर्देश दिया गया।

## डीसी ने किया जिला कोषागार व स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को जिला कोषागार एवं स्टॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने फाइल मैनुअल के अनुसार सारे रिकार्ड का क्लासिफिकेशन करने और गैर जरूरी रिकार्ड का डिस्पोजल



सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने जिला कोषागार पदाधिकारी को कार्यालय में आवश्यकतानुसार लिपिकों के लिए राज्य सरकार से पत्राचार करने का निर्देश दिया। डीसी ने ब्लॉक बी स्थित स्ट्रॉन्ग रूम का भी विस्तार से निरीक्षण किया। यहां उन्होंने ज्यूडिशियल, नन जुडिशियल स्टांप, एडेहेसिव टिकट्स की सुरक्षा एवं संधारण का जायजा लिया। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रेजरी ऑफिसर और ट्रेजरर की उपस्थिति में ही गेट खोला जाना सुनिश्चित करें।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सह लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने हजारीबाग परिसदन में भेंट की।

# चेन छिनतई मामले में छह थानेदारों को शोकॉज

लालपुर, बरियातू, सुखदेवनगर, अरगोड़ा जगन्नाथपुर व सदर थानेदार को हुआ शोकॉज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में लगातार महिलाओं से चेन छिनतई के मामले में कार्रवाई में लापरवाही बरतने को लेकर डीआइजी अनूप बिरथरे ने पांच थानेदारों को शो कॉज जारी किया है। सुखदेवनगर, जगन्नाथपुर, लालपुर, बरियातू, सदर थानेदार और अरगोड़ा थानेदार को शोकॉज किया गया है। डीआइजी ने शो कॉज का जबाब जल्द से जल्द देने का निर्देश जारी किया है। राजधानी रांची में चेन छिनतई के मामले में डीआइजी अनूप बिरथरे ने एक समीक्षा बैठक की थी। समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि जगन्नाथपुर, लालपुर, सदर, बरियातू और सुखदेवनगर में चेन छिनतई की घटना में बढ़ोतरी पाई गई। सबसे ज्यादा जगन्नाथपुर और अरगोड़ा में छिनतई की घटना घटी है। इन इलाकों में 10-10 चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया। कार्रवाई के नाम पर शून्य है।

## गिरोह का हुआ खुलासा, चार अपराधी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने चेन छिनतई गिरोह का खुलासा किया है। एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया। जिनमें मो. ओवंस, अजमल अंसारी, मो. नसीम और मनोज कुमार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने छिनतई किया हुआ चेन, 13 हजार रुपये और स्कूटी बरामद किया है। इन आरोपियों के द्वारा बरियातू थाना क्षेत्र की रहने वाली वीना सिंह से बीते आठ जून को बजे जेल मोड के पास चैन की छिनतई की घटना को अंजाम दिया था।

**दुकानदार को पुलिस ने किया गिरफ्तार :** छिनतई किए गए चेन को अजमल अंसारी के पिता मो. नसीम के द्वारा दुकानदार मनोज कुमार के एमके ज्वेलर्स पर बेचा गया था। जिसे कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त अजमल असारी और मो. ओबेस की निशानदेही पर एमके ज्वेलर्स के मालिक के दुकान से बरामद किया गया।

## खबर एक नजर में

### एनआइए जांच में खुलासा : लोगों को आतंकित करने के लिए की गयी थी नरेश भोक्ता की हत्या

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच में खुलासा हुआ है कि लोगों को आतंकित करने के उद्देश्य से नरेश सिंह भोक्ता की हत्या की गई थी। इस साजिश में भाकपा माओवादी के शीर्ष कमांडरों की संलिप्तता का भी खुलासा हुआ है। नरेश सिंह भोक्ता की हत्या में प्रयुक्त हथियार और वाहन बरामद कर लिए गए हैं।

**तीन नक्सलियों के खिलाफ चार्जशीट किया दाखिल :** एनआईए नरेश भोक्ता हत्याकांड मामले में एनआईए ने चार्जशीट दाखिल किया है। एनआइए ने विनय यादव, नवल जी और जिलेबिया यादव के खिलाफ आईपीसी और यूए (पी) अधिनियम 1967 की विभिन्न धाराओं के तहत चार्जशीट दायर की है। एनआइए द्वारा मामले में झारखंड और बिहार में सात ठिकानों पर तलाशी ली गई थी। इस मामले में अब तक नौ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ ने ऑटो चालक रोहित हत्याकांड की जांच की मांग की

**रांची।** झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के सदस्य रोहित कुमार झा की बीते दिनों सरकारी बस स्टैंड के समीप धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गई थी। संघ के सदस्यों ने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। संघ के प्रदेश महासचिव गुड्डू श्रीवास्तव समेत अन्य ने चुटिया थाने में लिखित शिकायत करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है।

**मृतक के परिजन को उचित मुआवजा दे सरकार : सोनी**

इस बीच झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि रोहित झा की हत्या करनेवाले अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी हो, साथ ही ऑटो चालक के परिवार को उचित मुआवजा सरकार की तरफ से दिया जाए। शिकायत करने वालों में प्रदेश सचिव तबरेज अहमद, महानगर अध्यक्ष बादल थापा, रांची रेलवे स्टेशन मार्ग अध्यक्ष भोला सिंह एवं महासंघ के सदस्य शामिल थे।

### भ्रष्टाचार की बात करने वाले मोदी और भाजपा को आइना देखने की जरूरत : अनिता यादव



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के बयान पर प्रदेश राजद की उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि जिसके घर शीशे के हों, उन्हें दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंकना चाहिए। भाजपा शासित राज्यों के अलावा केंद्र में भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए हैं लेकिन पीएम मौन हैं। गुजरात के मोराबी में पुल गिरने से सैकड़ों लोगों की मौत हो गयी, लेकिन मुख्यमंत्री को दोषी नहीं कहा गया। यूपी में निमार्णाधीन कई ब्रिज गिर गए, जिससे सैकड़ों लोगों की जान गई, तब पीएम ने यूपी के मुख्यमंत्री को दोषी क्यों नहीं कहा? कर्नाटक में भाजपा विधायक के पुत्र के यहां से अरबों रुपए काला धन बरामद हुए, उस पर भी पीएम ने कुछ नहीं कहा। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि पुलवामा में सैनिकों की हत्या हुई, जिस पर भाजपा ने वोट बटोरे पर आज तक अपराधी पकड़े नहीं गये। गुजरात में अदानी के पोर्ट पर अरबों रुपए के ड्रग्स पकड़े गए, पर आज तक अपराधी कौन है, उसका खुलासा नहीं हुआ। कभी इस पर भी पीएम को बयान देना चाहिए।

### जुलाई से कर्मचारी फिर से शुरू करेंगे आंदोलन

**रांची।** एनएमओपीएस व झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एप्लॉय फेड्रेशन के तत्वावधान में झारखंड सरकार के अंतर्गत कार्य कर रहे कर्मचारी जुलाई से नये सिरे आंदोलन की तैयारी में है। इस आंदोलन में एनपीएस की राशि वापस लाने और सेवानिवृत्ति उम्र सीमा 62 वर्ष करने की मांग रखी जायेगी। इस संबंध प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह की अध्यक्षता में ऑनलाइन प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष नितिन कुमार, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुधा शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, राजेंद्र प्रसाद, अमित कुमार महतो, काशीनाथ महतो, मुकेश चंद्र पासवान, प्रांतीय संयुक्त महासचिव लोकेश कुमार, प्रांतीय उप महासचिव मुरलीधर रजक, रजनीश शुक्ला एवं, बृजेश भप्त, प्रांतीय अंकेक्षक मनोरंजन कुमार, मुख्य सोशल मीडिया प्रभारी राकेश कुमार, रामविलास पासवान, मीडिया प्रभारी डॉक्टर शिवानंद काशी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी जय होरो, उज्जवल कुमार तिवारी इत्यादि बड़ी संख्या में जिला से आये पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रांची जिला के सभी प्रखंडों में जन सम्मेलन का आयोजन करेगी जिला कांग्रेस की टीम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक अध्यक्ष राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को धारदार बनाने हेतु सभी प्रखंडों में कांग्रेस जन-सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण में रांची लोकसभा क्षेत्र के 11 प्रखंडों में कांग्रेस जन-सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वहीं द्वितीय चरण में लोहरदगा लोकसभा के 5 प्रखंडों में एवं तृतीय चरण में खूंटी लोकसभा के 2 प्रखंडों में सम्मेलन आयोजित किये जाएंगे।

प्रथम चरण के कांग्रेस जन सम्मेलन की निर्धारित तिथि के तहत 14 जून-सिल्ली, 19 जून-नगड़ी, 22 जून-ओरमांझी, 24 जून-अनंगड़ा, 26 जून- रातू , 27 जून- नामकुम, 29 जून- राहे , 30 जून- खलारी, 1 जुलाई- सोनाहातू, 2 जुलाई- बुढ़मू, 3 जुलाई- कांके प्रखंड में जनसम्मेलन आहूत की जाएगी। प्रखंड कमिटियों को निर्देश दिया है कि दो दिनों के अंदर बैठक कर इस सम्मेलन की सफलता हेतु संचालन समिति का गठन करेगी और सम्मेलन में सभी मंच मोर्चा, एवं सहयोगी संगठनों के साथियों को भी आमंत्रित करेंगी। बैठक में रांची जिला कांग्रेस कमिटी की अनुशासन समिति का गठन किया गया, जिसमें नागेन्द्र नाथ गोस्वामी को चेयरमैन एवं सदन साहू, अशोक मिश्रा, विनोद कुमार सिंह एवं अकलीमा खातून को सदस्य बनाया गया।



बैठक में सुबोधकांत सहाय ने कहा कि केन्द्र की वर्तमान मोदी सरकार 2014 से पूर्व किये वायदों को भूलाकर तानाशाह हो चुकी है। इसे उखाड़ फैकने के लिए पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठन को धारदार बनाने की जरूरत है। कांग्रेस जन सम्मेलन प्रखंड स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करेगी।

रांची जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार आदि ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए षड़यंत्र करती है। इसलिए कार्यकताओं एवं जनता को जागरूक करना आवश्यक है। प्रखंड स्तर पर आहूत होने जा रहे जन-सम्मेलन आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसके सफल आयोजन के लिए सभी प्रखंड एवं मंडल समितियों व्यापक जन-संपर्क करना होगा। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन जिला ग्रामीण कांग्रेस के कार्यालय प्रभारी सह महासचिव संजय कुमार ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से अजय नाथ शहदेव, सुरेश बैठा, लाल प्रेम प्रकाश शहदेव, विनय सिन्हा दीपू, बेलस तिर्की, सदन साहु, सुंदरी तिर्की ,संजय कुमार, मेरी तिर्की, महताब आलम, गुलजार अहमद, अशफाक आलम, सुषमा हेमरोम, साबिर अंसारी, बलराम साहु, इश्तियाक अंसारी, मनोहर महतो, जाकीर अंसारी, सहावीर लोहरा, कुशल उरांव, रहमतुल्ला अंसारी, रीता चौधरी, मीनू सिंह, किशोर नायक के अलावा सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जनों ने भाग लिया।

### वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता ने इडी कोर्ट से मांगी अग्रिम जमानत

**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता बीरेन्द्र राम की पत्नी और पिता ने अग्रिम जमानत अर्जी ईडी कोर्ट में दाखिल की है। बीरेन्द्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। फिलहाल दोनों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इडी द्वारा टेंडर मैनेज कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने के केस में दाखिल प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन में बीरेन्द्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी का नाम भी शामिल था। जिसके बाद कोर्ट ने दोनों के खिलाफ समन जारी किया। गौरतलब हो कि इडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर बीरेन्द्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर बीरेन्द्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी को लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

## झामुमो का भाजपा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली पुलिस पर कड़ा प्रहार

# महिला पहलवानों से यौन शोषण के सबूत मांगने वाली दिल्ली पुलिस पर गृह मंत्री जवाब दें : सुप्रियो भट्टाचार्य

पूछा-15 जून को चार्टशीट फ्रेम होगा या फिर भाजपा के आरोपी सांसद को गौरवान्वित किया जायेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने महिला पहलवानों से दिल्ली पुलिस द्वारा यौन और शारीरिक शोषण के सबूत मांगे जाने पर कड़ी आपत्ति जतायी है। झामुमो के सुप्रियो भप्ताचार्य ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहा कि क्या कोई महिला अपने शारीरिक या यौन शोषण की वीडियो रिकार्डिंग कराएगी? महिला पहलवानों ने अपने एफआईआर में स्पष्ट रूप से सारी बातों को कह दिया है कि किस प्रकार से उनका शारीरिक शोषण



हुआ। कहां-कहां स्पर्श किया गया। शरीर के किस-किस हिस्से को टच किया गया।

उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में कोई भी महिला अपने पिता तो दूर अपनी मां को भी मजबूरी में ही शारीरिक और यौन शोषण की बात बताती है। उनसे दिल्ली पुलिस सबूत मांगती है। पुलिस भाजपा का मानसिक रूप से गुलाम बन चुकी है या फिर मानसिक दिवालियेपन का शिकार हो चुकी है।

### दिल्ली पुलिस की हरकत पर अपना पक्ष रखें गृह मंत्री

श्री भट्टाचार्य ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा और उसके गृह मंत्री कह चुके हैं कि कानून अपना काम करेगा. चूंकि 15 जून को दिल्ली पुलिस द्वारा चार्टशीट फ्रेम किया जाना है। इसके पहले इस तरह की बातें दिल्ली पुलिस द्वारा कहा जाना आखिर किस ओर इशारा करती है। नये संसद भवन के उद्घाटन के दिन जब महिला पहलवान अपने हक के लिए धरना देने जा रही थीं, तो उन्हें पीटा गया, घसीटा गया, बदसलूकी की गयी। इसके बाद गृह मंत्री ने पहलवानों को बुलाया और बातचीत की। गृह मंत्री ने कहा कि कानून अपना काम करेगा। इसके फौरन बाद खेल मंत्री ने भी पहलवानों को बुलाया. अब गृह मंत्री को बताना चाहिए कि उनकी पुलिस यह क्या कर रही है। क्या 15 तारीख को चार्टशीट फ्रेम होगा या फिर दुराचार के आरोपी भाजपा के सांसद को गौरवान्वित किया जाएगा।

### अब तक न्याय नहीं मिला

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह पर एफआइआर दर्ज हुई, पोक्सो एक्ट लगा

झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह मामला जनवरी से चल रहा है। धरना देने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। इसके बाद महिला पहलवान सुप्रीम कोर्ट गयीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भाजपा के दबंग सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। उन पर पोक्सो एक्ट लगा। एक्ट लगने के फौरन बाद आरोपी की गिरफ्तारी हो जानी चाहिए थी। मगर अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। अब दिल्ली पुलिस महिला पहलवानों से सबूत मांग रही है। छह महीने से देश को गौरवान्वित करने वाली महिला पहलवान अपने हक के लिए आंदोलन कर रही है। इस देश में स्त्री की पूजा देवी शक्ति के रूप में की जाती है, उसी देश में महिलाओं के साथ ऐसे व्यवहार पर भाजपा वालों को भी अपना पक्ष रखना चाहिए।

# जेल में रची गयी थी तनवीर उर्फ बिट्टू खान की हत्या की साजिश

एसएसपी ने प्रेस कांफ्रेंस में किया खुलासा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक सप्ताह पूर्व बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू में जिस युवक तनवीर उर्फ बिटटू खान की गोली मारकर हत्या की गई, उसकी हतया की योजना जेल में रची गई थी। एसएसपी ने बताया कि जेल में बंद अपराधी राज वर्मा के इशारे पर ही तनवीर उर्फ बिटटू खान की हत्या करायी गयी थी। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि तीन माह पूर्व ही तनवीर की हत्या का प्लान बन गया था। इसके लिए अंकित कुमार सिंह व दीपक कुमार सिंह तनवीर का रेकी कर रहा था। रांची पुलिस हत्याकांड के मामले में छह आरोपियों क्रमशः रोहन कुमार उर्फ रोहन श्रीवास्तव, मो आरिफ, अंकित कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, अंकुश कुमार सिंह उर्फ लकी सिंह शामिल है। पुलिस ने इनलोगों के पास से देसी पिस्तौल, मैग्जीन, तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है। इसके अतिरिक्त दो बाइक और चार मोबाइल बरामद किया गया है।

गौरतलब हो कि रांची के बरियातू एदलहातू के टोंटे चौक पर पिछले मंगलवार की शाम में तनवीर उर्फ बिटटू खान की दो अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस बाबत उसकी मां ने बरियातू थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।



**आठ माह पूर्व जेल से निकला था बिट्टू खान :** बताया जाता है कालू लामा हत्याकांड के बाद पुलिस ने बिटटू खान को पकड़कर जेल भेज दिया था। आठ माह पूर्व ही वह जेल से जमानत पर आया था। गौरतलब हो कि 27 जनवरी, 2022 को गोली मारकर कालू लामा की हत्या कर दी गई थी। लवकुश शर्मा गिरोह के द्वारा कालू लामा की हत्या करवाया गया था। बिटटू पर आरोप था कि उसने ही कालू लामा की रेकी कर शूटरों को मोरहाबादी मैदान के पास होने की सूचना दी थी।

# मिलन पैलेस में आयोजित वात्सल्य उत्सव में बच्चों ने जमकर की मस्ती

## बच्चो ने कई आकर्षक एवं मनमोहक पेंटिंग बनायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) सेवा विभाग व विहिप रांची महानगर के संयुक्त तत्वावधान में एवं राउंड टेबल क्लब शाखा 284 रांची के सौजन्य से क्लब रोड स्थि मिलन पैलेस में मंगलवार को वात्सल्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 10 से 15 वर्ष की आयु के रांची एवं आसपास के स्लम बस्तियों और सरकारी स्कूलों के सात विद्यालयों के 110 से अधिक वंचित बच्चे सहित रांची पहाड़ी मंदिर स्थित मूक-बधिर एवं मंद बुद्धि शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सृजन हेल्प परिवार के 15 बच्चे सम्मिलित हुए। वातसल्य उत्सव का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे सभी बच्चों को चंदन टीका लगाकर गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ किया गया. कार्यक्रम के प्रथम सत्र में ड्राइंग कम्पीटिशन, योग क्लासेस, क्वीज प्रतियोगिता व इंडोर गेम्स के कार्यक्रम हुए।



जिसमें बच्चो ने कई आकर्षक एवं मनमोहक पेंटिंग बनायी। सभी प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ स्वरूचि भोज का आनंद लिया। दूसरे सत्र में अमोद प्रमोद उत्सुकता के लिए जादूगर एमएस भारती द्वारा जादूगरी के हैरतअंगेज करतब दिखाए। उसके बाद उन्हें डॉक्यूमेंट्री फिल्म पर्यावरण एवं सामाजिक ज्ञान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री तथा छोटे छोटे चलचित्र दिखाए गए। प्रत्येक विद्यालय के बच्चों ने अपने-अपने नृत्य संगीत व अन्य प्रस्तुतियां दी। सृजन हेल्प परिवार के शंकर लोहरा और अनुकज कुमार ने नागपुरिया गीत पर नृत्य प्रस्तु किया। दोनों बच्चे विशेष दिव्यांग बच्चों कीश्रेणी में आते है। जिसे लोगों ने खूब सराहा। शाम छह बजे पाश्चात्य वाद्य यंत्रों के साथ एक डीजे प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें विपुल जी के द्वारा जमकर जुंबा डांस किया गया. इसमें बच्चों व बड़ों ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम का संचालन प्रीति गेरा ने किया। वात्सल्य उत्सव के समापन समारोह में सभी बच्चों को उपयोगी वस्तुएं जिसमें किताबे, कॉपी, पेंसिल एवं अन्य सामानों की आकर्षक गिफ्ट पैक दिया गया।

साथ ही उन्हें खाने पीने की चीजें देकर ससम्मान विदाई दी गयी। इस अवसर पर राउंड टेबल के अध्य क्ष सरदार अमनप्रीत सिंह ने कहा कि ऐसे आायोजन से बच्चों के शाारिरिक मानसिक व बौद्धिक क्षमता का सर्वांगीण विकास होता है एवं बच्चों के संस्कारों में उन्नति होती है। आगे भी वात्सल्य उत्सव का आयोजन कर उनके जीवन में ए सुखद स्मृति के रुप में उनके बाल मानस पटल पर सदैव अंकित किया जाएगा। विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय संयोजक अशोक कुमार अग्रवाल, प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं विहिप रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश केसरी ने कहा की बच्चो का यह सर्वश्रेष्ठ समय है। ऐसे कार्यक्रम से बच्चों के जीवन में नयी आशा का संचार होता है।

कहा कि इस तरह के कार्यक्रम वर्ष में तीन से चार बार आयोजित किए जाते है जिसका मुख्य उद्देय है कि समाज में यह भेदभाव उंच-नीच, छोटे बड़े की जो रेखा खींच गयी है उसको मिटाकर सभी साथ आएं तथा सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चे भी समावेशी समाज की ईकाई के रुप में लाभान्वित हों। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सचिव अर्पित जैन, कार्यक्रम संयोजिका श्वेता तलेगा, क्षेत्रीय संयोजक शुभम साबू, निकिता साबू, अशोक अग्रवाल, संजय सर्राफ, कैलाश केसरी, प्रीति गेरा, बबीता वर्मा, राजेन्द्र सिंह मुंडा, एवं अन्य लोगो ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के आचार्यगण एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# 105 बिजली अफसरों की हुई ट्रांसफर व पोस्टिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में बड़ी संख्या में बिजली अफसरों का तबादला किया गया है। इसे लेकर मंगलवार को निगम ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार, 104 बिजली अफसरों को इधर से उधर किया गया है। इनमें ऐसे कनीय अभियंता (जेई) शामिल हैं जिनका सहायक प्रबंधक के पद पर प्रमोशन कर दिया गया था।

वहीं, 26 सहायक अभियंताओं का भी तबादला किया गया है। इनमें विभा कुमारी डिप्टी जीएम निगम मुख्यालय का तबादला रांची आपूर्ति क्षेत्र में किया गया है। जबकि 30 कार्यपालक अभियंता (सीनियर प्रबंधक) का भी तबादला कर दिया गया है।

| नाम | कहां थे | कहां गए |
|---|---|---|
| विभा कुमारी | डिप्टी जीएम नि.मु. | रांची आपूर्ति क्षेत्र |
| विनोद कुमार | सीनियर प्रबंधक जमशेदपुर | स्टोर-टीआरडब्लू जमशेदपुर |
| चंद्र भूषण | ईई सेंट्रल स्टोर जमशेदपुर | आपूर्ति अंचल जमशेदपुर |
| अखल पुजारी | ईई एमआरटी साहेबगंज | स्टोर एवं टीआरडब्लू गुमला |
| रवि प्रकाश | ईई एमआरटी डालटनगंज | एमआरटी धनबाद |
| आनंद कौशिक | ईई धनबाद- | सिनियर प्रबंधक आपूर्ति जमशेदपुर |
| राजकिशोर | वरीय प्रबंधक जमशेदपुर- | आपूर्ति प्रमंडल घाटशिला |
| अनुप कुमार बिहारी | ईई आपूर्ति प्रमंडल घाटशिला- | वरीय प्रबंधक निगम मुख्यालय |
| नितीश कुमार सिन्हा | ईई नि. मु. | एमआरटी साहेबगंज |
| सकला हेंब्रम | ईई नि.मु. | सीएंडआर जमेशदुपर |
| रंजीत कुमार | ईई नि. मु. | वरीय प्रबंधक सीएंडआर चाईबासा |
| मनोज सिंह | ईई आपूर्ति प्रमंडल कोडरमा | वरीय प्रबंधक स्टोर एवं टीआरडब्लू हजारीबाग |
| सुब्रत बनर्जी | वरीय प्रबंधक स्टोर एंड टीआरडब्लू | वरीय प्रबंधक आपूर्ति प्रमंडल कोडरमा |
| राजीव रंजन | ईई नि.मु. | वरीय प्रबंधक सीएंडआर आपूर्ति प्रमंडल देवघर |
| सरताज कुरैशी | ईई मधुपुर | एमआरटी कोडरमा |
| सुशील भगत | वरीय प्रबंधक सीएंडआर देवघर | एमआरटी-गुमला |
| रोहित मांझी | वरीय प्रबंधक एमआरटी गुमला | वरीय प्रबंधक आपूर्ति प्रमंडल मधुपुर |
| विनोद कुमार | ईई नि.मु | वरीय प्रबंधक नि.मु. |
| कुणल किशोर | ईई नि.मु. | वरीय प्रबंधक नि. मु. |
| पंकज तिवारी | ईई नि.मु. | वरीय प्रबंधक नि.मु. |
| अनुराग बोदरा- | वरीय प्रबंधक नि. मु. | नि. मु.सरकारी एवं हाई वैल्यू कंज्यूमर सेल |
| संजय बेसरा | ईई कॉमिर्शिलय नि. मु. | वरीय प्रबंधक नि.मु. |
| शशि भूषण कुमार | ईई राजस्व नि.मु. | एनर्जी ऑडिट नि. मु. |
| मृणाल गौतम | वरीय प्रबंधक धनबाद | वरीय प्रबंधक गिरिडीह |
| रवि शंकर कुमार | ईई राजस्व नि.मु. | वरीय प्रबंधक पावर परचेज नि.मु. |
| विजय कुमार घोष | वरीय प्रबंधक नि. मु. | वरीय प्रबंधक रेगुलेटरी टैरिफ नि. मु. |
| सुजीत कुमार | ईई राजस्व नि. मु. | वरीय प्रबंधक टीए ईडी प्राजेकट नि. मु. |
| अवधेश कुमार | ईई राजस्व नि. मु. | वरीय प्रबंधक नि. मु. |
| सिद्धार्थ कुमार शर्मा | ईई नि.मु. | वरीय प्रबंधक एमडी सेल |
| रवि शंकर | ईई वाणिज्य नि. मु. | वरीय प्रबंधक एचटी मेटेनेंस नि. मु. |
| अरविंद कुमार अमर | ईई गिरिडीह- | स्टोर एवं टीआरडब्लू दुमका |

**सहायक अभियंताओं का प्रबंधक पद पर तबादला**

| नाम | कहां थे | कहां गए |
|---|---|---|
| विश्वजीत कुमार | अशोक नगर- | गोड्डा |
| आलोक रंजन | दुमका-1 | अशोक नगर |
| प्रशांत कुमार सिंह | रातू रोड | रातू चट्टी |
| निरंजन कुमार | निरसा-2 | कोकर |
| अरविंद कुमार | डालटनगंज ग्रामीण | हजारीबाग ग्रामीण |
| सौरभ लिंडा | चौपारण | रामगढ़ |
| रामनंदन पासवान | चतरा उत्तरी | कोलेबिरा |
| प्रियंकर पांडेय | कोलेबिरा | आदित्यपुर-2 |
| हरि मोहन चौधरी | कुज्जू | चतरा उत्तरी |
| स्वरूप कुमार बक्सी | डुमरी | गोविंदपुर |
| लव कुमार | तिसरी | देवघर-1 |
| राज कमल | देवघर-1 | बासुकीनाथ |
| लालजी महतो | गोड्डा | चांडिल |
| सोमेश कुमार | चिरकुंडा | मधुपुर |
| गिरिधारी सिंह मुंडा | गोमिया | पाकुड़ शहरी |
| राम बहादुर महतो | छोटागोविंदपुर | चास शहरी |
| प्रशांत राज-जादुगोड़ा | एसएलडीसी | रांची |
| अमरजीत प्रसाद | मानगो-2 | घाटशिला |
| संदीप कुमार | नौवामुंडी | कोडरमा |
| सुभाष प्रसाद | मनोहरपुर | कांके |
| अभय मोहन सहाय | दुमका | गोला |
| ओम प्रकाश | बरहवा | चास ग्रामीण |
| राजेश बिरूआ | अमरापाड़ा | मांडर |
| दुर्गा रानी केरकेट्टा | हजारीबाग शहरी | हजारीबाग सीएंडआर |
| मनीषा कुमारी | धनबाद-हजारीबाग | |
| जॉयसी मिंज | चाईबासा | एमआरटी-2 रांची |

**प्रबंधक के पद पर प्रमोशन के बाद वेटिंग फॉर पोस्टिंग**

| नाम | कहां गए | नवीन कुमार तिग्गा | अपर बाजार |
|---|---|---|---|
| रजनीश कुमार | बरवड्डा | रश्मि मिंज | रामगढ़ |
| सुजीत कुमार | नया बाजार | कफिल अंसारी | जादूगोड़ा |
| सुजीत उपाध्याय | गिरिडीह शहरी | शैलेश कुमार कश्यप | सिमडेगा |
| भामा पद टुडू | चक्रधरपुर | ऋषि सागर श्रीवास्तव | हीरापुर |
| मंतोश रवाणी | निरसा-1 | कृष्णदेव प्रजापति | तिसरी |
| अरविंद कुमार | तुपुदाना | सुजीत सिंह | मुकुंदा |
| सरोजनी खाखा | रांची | संतोश कुमार मंडल | चिरकुंडा |
| सोनी प्रसाद | रांची | देवाशीश पात्रा | करनडीह |
| विभा कुमारी | रांची | चंद्रशेखर | छोटा गोविंदपुर |
| रेणु कुमारी | जमशेदपुर | राकेश कुमार महतो | कतरास |
| संयोगिता कुमारी | रांची | हरि उरांव | गुमला |
| मधुसुदन मांझी | गिरिडीह ग्रामीण | पुरण कुमार घासी- | भुरकुंडा |
| मो जीशान | कुडू | वीरेंद्र उरांव | कुज्जू |
| सत्यदेव कुमार | चौपारण | विनोद कुमार | राजधनवार |
| मो शहनवाज अंसारी | मानगो-2 | महेश प्रसाद महतो | निरसा-2 |
| आकाश प्रताप सिंह | रातू रोड | गंभीर रजवार | चाईबासा शहरी |
| गजेंद्र टोप्पो | झुमरी तिलैया | शंकर सावैयां | नोवामुंडी |
| दीपक कुमार | नगर ऊंटारी | संजय कुमार सावैयां | सराईकेला |
| दामोदर कुमार रंजन | डालटनगंज | डेविड कुमार हांसदा | जसीडीह |
| प्रमिला लकड़ा | देवघर | अज्जु कच्छप | लोहरदगा |
| विनीता कुजूर | रामगढ़ | बिरसा उरांव | टाटीसिलवे |
| सत्यम कुमार मरांडी | बरहवा | पोरेस सोरेन | दुमका ग्रामीण |
| राघवेंद्र प्रताप सिंह | हजारीबाग शहरी | नुतन तिर्की | रांची |

## फायरिंग के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** कर्रा थाना पुलिस ने फायरिंग कर लेवी वसूलने व दहशत फैलाने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी क्रमशः अंकित केसरी उर्फ बिट्टू, शिवम सिंह उर्फ पार्थ सारथी, नीरज कुमार पाईक व मंटू दांग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्टल, नौ जीवित कारतूस, एक खोखा व सात मोबाइल फोन, स्कॉर्पियो व टाटा हेरियर गाड़ी बरामद किया है। इन सभी को आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## टाटीसिलवे में फायरिंग

**रांची।** टाटीसिलवे थाना एरिया स्थित माया मेडिकल के पास मंगलवार की शाम एक बाइक पर सवार दो अपराधधियों ने हवाई फायरिंग की। अपराधियों ने माया मेडिकल से पूर्व एक जगह पर हवाई फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। फायरिंग की घटना के बाद से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद टाटीसिलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई।

## एड्स कंट्रोल सोसायटी रक्तदाताओं को आज करेगा सम्मानित

**रांची।** वर्ल्ड ब्लड डोनर डे के मौके पर आज झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी की ओर से नामकुम के आईपीसीएच सभागार में रक्तदाता संगठनों को सम्मानित किया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की मौजूदगी में सामाजिक संस्थाएं, संगठनों व नियमित रक्तादाताओं को प्रमाण पत्र और मोमेंटो दिया जायेगा। बताते चलें कि एड्स कंट्रोल सोसायटी के सहयोग से पहली बार 2022-23 में 3.20 लाख से ज्यादा रक्तदान हुए। इस साल इस आंकड़े को और भी बढ़ाने का लक्ष्य है।

**रिम्स ब्लड बैंक से निकाली जायेगी जागरुकता रैली** : इधर, वर्ल्ड ब्लड डौनर्स डे के मौके पर लोगों के बीच जागरूकता लाने के लिए रिम्स ब्लड बैंक की ओर से रक्दान जागरूकता रैली निकाली जा रही है। यह रैली रिम्स के यूनियन हॉल से निकलकर रिम्स के गेट नंबर एक और दो से होकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचेगी। रैली के दौरान लोगों को रक्तदान के फायदे बताये जायेंगे। साथ ही लोगों से समय-समय पर स्वैच्छिक रक्दान की अपील की जायेगी।

## भीषण गर्मी को देखते हुए प्रणामी ट्रष्ट ने 1100 बोतलबंद लस्सी का किया वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एमआारएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रष्ट के तत्वावधान में पुंदाग स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों के बीच लस्सी का वितरण किया गया। संस्था ने श्रीमती विद्या अग्रवाल के सौजन्य से अज राजस्थान के हल्दी राम द्वारा निर्मित 1100 बोतलबंद दही की लस्सी का वितरण लोगों के बीच किया गया। लस्सी वितरण कार्य की शुरुअत संस्था के महिला मंडल की रेखा पोद्दार, उर्मिला पाड़िया, व विष्णु सोनी के हाथों किया गया। लस्सी वितरण के क्रम में उक्त मार्ग से गुजरने वाले राहगीर, स्कूल के बच्चे- बच्चियां उपस्थित श्रद्धालुगण एवं आसपास के लोगों ने ठंडी लस्सी पीकर भीषण गर्मी में प्यास बुझायी व राहत महसूस किया। उपस्थित लोगो में संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणल सर्राफ, ओम प्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, सुरेश भगत, शिव भगवान, महेश वर्मा, परमेश्वर साहू, व संस्था के अन्य सदस्यगण शामिल थे।

# आठ दिवसीय श्री हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकांड पाठ का समापन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर, कृष्ण नगर कॉलोनी रातू रोड में मंगलवार को मां भवानी सेवा मंडल द्वारा विगत आठ दिनों से चल रहे श्री हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकांड पाठ का समापन हुआ। इस अवसर पर सामूहिक रुप से प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से 6:00 भझे तक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ महिलाओं एवं पुरुषों के द्वारा किया गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर के मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने बताया कि 16 जून को वनबंधु परिषद रांची चैप्टर के द्वारा अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एकल सुरताल के कलाकारवृंद के द्वारा प्रात 8:00 बजे से श्री सुंदरकांड का पाठ किया जोगा। इस क्रर्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान मनोहर लाल जसूजा, चंद्रभान जी तलेजा, रामचंद्र तलेजा, केसर पपनेजा, मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा, कौशल्य देवी,पूजन तलेजा, लाजवंती किंगर, राज देवी मनुजा, शकंतला देवी मुंजाल, ज्योति अरोड़ा, नीलम अरोड़ा, राधा तेवी तलेजा, बबीता पपनेजा, शशि किंगर, रेखा घई, रूबी अरोड़ा, निशा तलेजा, करुणा मुंजाल, श्वेता चावला, सुनीता कात्यायन, कामना खत्री, रश्मि काठपाल, संगीता मादनपोत्रा, दीपाली अरोड़ा, रिया घई, भावना किंडर समेत समाज के कई लोगों का योगदान रहा।

# केतकी ने सिखाया लोगों को अपनी आमदनी बढ़ाने के गुर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छोटानागपुर लोक कला केंद्र कल्याणी बस्ती मेसरा की ओर से मांडर के तिगोई अंबाटोली में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता केतकी देवी ने की। कार्यशाला के माध्यम से उन्होंने गांव के लोगों को उनकी आमदनी को बढ़ाने का गुर सिखाया। उन्हें टिप्स दिया कि कैसे दो रुपये से चार रुपये कमाये जा सकते हैं। झारखंड के बाजार को कैसे झारखंड से बाहर कैस मंच दिया जा सकता है। मौके पर उन्होंने कहा कि गांव में बने प्रोडक्ट्स को इंटरनेट तथा ऑनलाइन मार्केट के माध्यम से देश-विदेश में पहचान दिला सकते हैं। इस दौरान आम जनता के बीच सामाजिक कुरितियों को दूर करने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने संबंधी बातों पर विस्तार से चर्चा की गयी। वहीं, केंद्र की सचिव अनिता उरांव ने कहा कि गांव से गरीबी को तभी दूर किया जा सकता है, जब हम अपनी कला संस्कृति एवं स्वरोजगार को बढ़ावा दें। उन्होंने इसके लिए सभी से मन लगाकर काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संघ की नमिता भांडूप, असीम टोप्पो, असीम, पपू, उषा खलखो, सीता देवी, देवानंद करमालीहरि करमाली, अमर करमाली और लालू करमाली समेत सैंकडों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सीएम से 8वीं तक स्कूलों को बिना शर्त मान्यता देने की मांग

**मान्यता और यू डायस पोर्ट को आधार बनाकर राज्य के छोटे निजी स्कूलों को बंद करने का साजिश न करे शिक्षा विभाग : दूबे**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि शिक्षा विभाग मान्यता और यू डायस पोर्ट को आधार बनाकर राज्य के छोटे निजी स्कूलों को बंद करने की साजिश रच रही है। शिक्षा विभाग के इस तुगलकी फरमान को किसी भी हाल में झारखंड में लागू नहीं होने देंगे। उन्होंने बताया कि यू डायस एक पोर्टल है, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों के डेटा को भरना होता है।

इस कार्य को पूरा नहीं करने पर स्कूलों को मृत्युदंड दिया जा रहा है, जो कतई मान्य नहीं है। आरटीई के तहत पूरे देश में इस तरह की शर्त नहीं है। सिर्फ झारखंड में ही यू डायस को लेकर कठिन शर्तें रखी गयी है। सरकार के इस फरमना का कोई भी जिले का स्कूल पालन नहीं कर सकता।

श्री दूबे ने सीएम से मांग किया है कि यू डायस भरने के लिए दो माह का और समय दिया जाये, ताकि सभी निजी स्कूल अपने-अपने स्कूलों में जानकारी अपलोड कर सकें।

साथ ही उन्होंने सीएम से 8वीं तक स्कूलों को बिना शर्त मान्यता देने की मांग की है। वहीं मान्यता के शर्त पर पिछली सरकार की ओर से जमीन जैसे कठिन शर्तें रखी गयी थी। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में रिट दायर किया गया था, जो अभी न्यायालय में लंबित है।

# गुरु नानक सत्संग सभा की विशेष पहल पर समाज के 50 बच्चे अमृत बेला के दीवान से जुड़े

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वाराश्री गुरु नानक सत्सगं सभा ने समाज के बच्चों को गुर घर से जोड़ने के लिए विशेष पहल की है। इस क्रम में गर्मी की छुट्टियों के देखते हुए बच्चों से रोजाना सुह ले पहले दीवन (अमृत वेले का दीवान) मे हाजिरी भरने के लिए उनके अभिभावकों से संपर्क किया गया। साथ ही उन्हें बच्चो को सबह के दीवाव में गुरुद्वारा साहब आकर माथा टेकने और दीवान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने का आाग्रह किया। सत्सगं सभा की इस अपील का इतना असर हुआ कि अगले ही दिन सुबह के पहले दीवान में समय से आाधा घमंटा पहले यानि भोर के 4:00 बजे पांच बच्चे कृष्ण नगर कॉलोनी, गुरुद्वारा साहब पहुंच गए और धीरे-धीरे यह संख्य अब पचास तक पहुंच गयी है। सत्सगं सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा पिछले पंद्रह वर्षों से गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए गुरवाणी क्लासेस का आयोजन किया जा रहा है। समाज के छह वर्ष से पंद्रह वर्ष की आयु के वो बच्चे हैं जिन्हे पहले गुरुनानक सेवक जत्था गे गोल्डी मिढ़ा, ममता मुंजाल, मुकेश मुंजाल, दीपू खत्री, मिताली तेहरी, रिशा मुंजाल, एवं हरप्रीत द्वारा गुरुवाणी सुनते हैं। भविष्य में इन सभी बच्चो को गुरु की चरणी लगाया जाएगा।



प्रोत्साहित करने के लिए सत्संग सभा द्वारा रोजाना इन बच्चो को टॉफी, केक, सॉफ्ट ड्रिंक प्रदान किया जाता है। स्कूल खुलने के बाद यह क्रम ना टूटे इसलिए इनके अभिभावकों को हर छुट्टी के दिन इसी तरह बच्चों को अमडत वेले के दीवान में भेजने का आग्रह किया गया है। बच्चों गुरुघर से जोड़ने में मनीष मिढ़ा, राकेश गिरधर, नीता मिढ़ा व ममता मुंजाल ने सक्रिय भूमिका अदा की।

## परिवार नियोजन पर प्रशिक्षण कार्यशाला

**रांची।** परिवार नियोजन पर तीन दिनी राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरूआत मंगलवार को हुई। इसमें परिवार नियोजन कोषांग के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ लाल माझी ने कहा कि महिला एवं पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने की जरूरत है। दो बच्चे वाले परिवार में बच्चों का समुचित पालन-पोषण और उन्हें बेहतर शिक्षा मिल पाती है। बच्चों के जन्म में कम से कम 3 साल का अंतर होना चाहिए। इससे मां का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है तथा मां और बच्चे को बीमारी होने का भी खतरा कम रहता है। कार्यशाला में परिवार नियोजन समन्वयक गुंजन खलखो, जपाईगो के प्रतिनिधि नवल किशोर यादव और अभिजीत मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे।

## एचईसी के पूर्व नगर प्रशासक हेमंत नहीं रहे



**रांची।** एचईसी के पूर्व नगर प्रशसक हेमंत कुमार गता का निधन मंगलवार को हो गया। वे किडनी रोग से ग्रसित थे विगत दो सप्ताह से राजधानी के मेन रोड स्थित राज अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। स्व गुप्ता की पहचान एक कुशल प्रशासक के अलावा सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता व सूचना अधिकार के विशेषज्ञ के रुप में भी रही। एचईसी में कार्यरत स्व. गुप्ता एचईसी कर्मियों के बीच भी अपनी व्यवहारकुशलता के कारण काफी लोकप्रिय रहे। उनके अकस्मात निधन से विभिन्न सामाजिक संगठनों, एचईसी कर्मियों सहित परिजनों, शुभचिंतको व मित्रगणो के बीच शोक की लहर व्यवाप्त है। पूर्व सांसद सुबोधकांत सहया ने हेमंत कुमार गुप्ता के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए संवेदना व्यक्त की है। साथ गही उन्हों दिवंगत की आत्मा की शांति और उनके प रिजनों को इस दुख की गढ़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

